तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 18.8 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024

11 बड़ेबजोड़ा एनएसएस कैंप में हुआ...

12 वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण कार्य में मिला...




# देवगुड़ी जैसे पवित्र स्थलों की रक्षा देवता स्वयं करते हैं, पेड़ काटना व जीवों को हानि पहुंचना अनुचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**33 में से 5 देवगुड़ियों का सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार, जनजातीय पारंपरिक प्रथाओं को जीवित रखने देवगुड़ियों पर विशेष ध्यान**

अलग खबर

ग्रामीण क्षेत्र में देवगुड़ी वनसमृद्ध जनजातीय क्षेत्रों में स्थित हैं। ये स्थल जनजातीय समुदायों द्वारा पूजनीय एवं राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और पारिस्थितिक संपदा का अभिन्न हिस्सा हैं। स्थानीय जनजातीय देवताओं के निवास स्थल होने के कारण ये पारंपरिक अनुष्ठानों और त्योहारों का केंद्र हैं, साथ ही ये जैव विविधता के अनूठे केंद्र भी माने जाते हैं। सभी देवगुड़ी स्थानीय जनजातीय समुदायों की आस्थाओं में विशेष स्थान रखती हैं और प्रत्येक का अपना विशिष्ट महत्व है। वन विभाग पवित्र देवगुड़ियों के संरक्षण में सक्रिय रूप से प्रयासरत है, बस्तर जिले में 33 देवगुड़ियों का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है।





### प्रजातियों के आश्रय स्थलों का संरक्षण


*वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने कहा कि मुख्यमंत्री और वन मंत्री के नेतृत्व में वन विभाग देवगुड़ी स्थलों के संरक्षण के लिए समर्पित है। ये प्रयास राज्य में सतत वन प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण के व्यापक मिशन के अनुरूप हैं। देवगुड़ी के उपवन पारिस्थितिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। ये दुर्लभ, संकटग्रस्त, और स्थानीय वनस्पति प्रजातियों का आश्रय स्थल हैं, जहां इनका संरक्षण भी सुनिश्चित होता है। इसी लिए प्रस्तावित देवगुड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।*

इसमें 5 देवगुड़ी वन परिक्षेत्र भानपुरी में परगना देव गुड़ी दन्तेश्वरी माई केशरपाल, भंगाराम देवगुड़ी सिवनी, भौरादाई डांड देवगुड़ी, परगना देव गुड़ी कोटगाड़ एवं कोड़ेनार देव गुड़ी का जीर्णोद्धार किया गया। देवगुडियों के जीर्णोद्धार कार्य का समय-समय पर सीसीएफ के साथ डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ आईपी बंजारे, योगेश रात्रे, देवलाल दुग्गा सहित रेंजर निरीक्षण कर रहे हैं। जनजातीय समुदायों का मानना है कि देवगुड़ी जैसे पवित्र स्थलों की रक्षा देवताओं द्वारा की जाती है, इसलिए यहां पेड़ काटना, शिकार करना या किसी जीव को हानि पहुंचाना वर्जित है। इन उपवनों से जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक पहचान गहराई से जुड़ी हुई है और ये उनकी पारंपरिक प्रथाओं को जीवित रखते हैं। मड़ई, हरेली और दशहरा जैसे त्योहारों पर यहां विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### बाइक नाला पुल से नीचे गिरी, चालक की मौत

**लोहण्डीगुड़ा।** थाना लोहंडीगुड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पारापुर के बड़े बाहर नाला से नीचे मोटरसाइकिल से गिरने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम पारापुर पटेलपारा के आगे बड़े बाहर नाला पुल से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। बाइक सवार जुगधर करटामी पिता सुकरू करटामी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कस्तुरपाल थाना मारडूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बताया गया कि उसे सिर में गंभीर चोट आई। मृतक साप्ताहिक बाजार लोहण्डीगुड़ा से वापस अपने गांव जाने के दौरान हादसे का शिकार हुआ। लोहंडीगुड़ा पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



### ऋण लेकर नहीं पटाने वालों के चुनाव लड़ने पर लगी रोक

**जगदलपुर।** विभिन्न योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगार वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित कर आय संवर्धन करने हेतु कम ब्याज दर पर ऋण प्रदाय किया गया है, किंतु अनेक हितग्राहियों द्वारा उक्त वितरित ऋण से पर्याप्त आय अर्जित करने व ऋण राशि कालातीत होने के पश्चात भी ऋण राशि को जमा करने में रुचि नहीं ले रहे है। ऋण अदायगी में लापरवाही करने वाले हितग्राहियों एवं जमानतवारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जल्दी ही स्थानीय निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन होना है। जो हितग्राही नगर निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक है उनके लिए ऋण वसूली की प्रक्रिया को और अधिक सख्त किया गया है। ऐसे हितग्राही को चुनाव नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले विभाग से ऋण मुक्त प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ऋण अदायगी न करने पर नामांकन रद्द किया जाएगा। जो हितग्राही जानबूझकर ऋण राशि जमा नहीं कर रहे हैं. उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसमें आरआरसी के तहत बंधक जमीन की कुर्की एवं नीलामी तथा पोस्टडेटेड चेक पर धारा 138 के तहत न्यायालय में केस दर्ज करने की प्रक्रिया शामिल की जा रही है।

### सितार-वादक शुभ्रनिल की प्रस्तुति आज

**जगदलपुर।** स्वरागिनी द्वारा 28 दिसंबर को शास्त्रीय संगीत की सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन लागू वाटिका में संध्या 6 बजे से किया जा रहा है। जिसमें देश के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रसिद्ध सितार वादक शुभ्रनिल सरकार अपनी प्रस्तुति देंगे। शुभ्रनिल ने रवींद्र भारती विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की और स्वर्ण पदक विजेता रहे। शुभ्रनिल सरकार ने भारत, अमेरिका, यूरोप, मैक्सिको और दक्षिण-पूर्व एशिया में कई संगीत कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी है।



## सियासत : भाजपा बस्तर मण्डल में भी फूटा आक्रोश

# 20 साल वाले को नजरअंदाज कर 3 साल पहले पार्टी से जुड़े को बना दिया गया मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिलाध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक की गई शिकायत
- चुनाव अधिकारी पर मनमानी का आरोप

भाजपा मण्डल अध्यक्ष के चयन में लोहण्डीगुड़ा और करपावण्ड मण्डल में कार्यकर्ताओं में असंतोष के बाद अब बस्तर मण्डल में भी कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। नाराज पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष के पद पर सुखदेव मण्डावी की नियुक्ति का विरोध किया है। दावेदारों ने सीधे शब्दों में आरोप लगाया है कि 20 साल से पार्टी की सेवा करने वाले सक्रिय लोगों को नजरअंदाज कर 3 साल पहले पार्टी से जुड़े व्यक्ति को मण्डल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसमें चुनाव अधिकारी तरूण चोपड़ा पर मनमानी और पक्षपात करने का आरोप लगाया गया है। नाराज भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा तक शिकायत की है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि सक्रिय सदस्य के साथ-साथ अनुभवी नेता को मण्डल अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए था। लेकिन सुखदेव मण्डावी इसमें खरे नहीं उतर रहे हैं। उम्र के मामले में ठीक है, लेकिन अन्य मापदण्ड में उनसे अधिक योग्य और सक्रिय लोग पार्टी में मौजूद है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि यही हाल रहा तो आने वाले समय में पार्टी को नुकसान होगा। चुनाव अधिकारी द्वारा कार्यकर्ताओं से रायशुमारी तक नहीं की गई। चुनाव प्रभारी विक्रम उसेण्डी समेत प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं को की गई शिकायत में दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर है।

### कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझें नेता

*भाजपा में लगभग 20 साल से जुड़कर सक्रियता से विभिन्न पदों पर काम करने और पार्टी द्वारा दिये गये सभी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का दावा करने वाले सुशील खंबारी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का कार्यकर्ता हूं। लेकिन जिला मुख्यालय में जब-जब पार्टी ने आंदोलन, धरना प्रदर्शन और अन्य कार्य किये वहां हमेशा मौजूद रहा। युवा मोर्चा के जिला कार्यकारिणी में भी सक्रिय रूप से काम किया। मेरी दावेदारी सभी मापदण्डों में सही रही लेकिन मुझे अवसर नहीं दिया गया। इससे मेरे साथ काम करने वाले अनेक कार्यकर्ताओं में नाराजगी एवं आक्रोश है। हमारी मांग है कि मण्डल अध्यक्ष के पद पर मापदण्ड को पूरा करने वाले को ही अवसर मिलना चाहिए।*



### डा. सुभाऊ ने ली थी बैठक

*बस्तर मण्डल के अनेक कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछले दिनों पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ राम कश्यप ने बैठक लेकर कहा था कि आदिवासी क्षेत्र बस्तर में विधायक, सांसद, सरपंच से लेकर अन्य पदों पर आदिवासी वर्ग के लोगों को मौका मिलता है। इसलिये संगठन के पदों में सामान्य व ओबीसी वर्ग के युवाओं को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने हरिभूमि से कहा कि बस्तर मण्डल में अध्यक्ष बने सुखदेव मण्डावी आदिवासी वर्ग के हैं। वे निर्धारित मापदण्ड पूरा नहीं कर रहे हैं इसलिये उनकी नियुक्ति को निरस्त कर फिर से विचार कर सक्रिय और अनुभवी को मौका मिलना चाहिए। कुछ कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा था गैर आदिवासी को संगठन में पद मिलना चाहिए।*

# सनी लियोनी के नाम से खाता खोलने वाला साइबर कैफे का संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में चल रहे महतारी वंदन योजना का लाभ सनी लियोनी के नाम पर लेने वाले बस्तर के तालुर गांव का विरेन्द्र जोशी जेल में है। वहीं इंट्री करने वाला साइबर कैफे का संचालक नरेन्द्र सेठिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। बस्तर थाना प्रभारी हर्ष कुमार धुंरधर ने बताया कि बस्तर नगर पंचायत में साइबर कैफे चलाने वाले नरेंद्र सेठिया को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में बारिकी से जांच की गई तो पता चला कि योजना के तहत फॉर्म भरने से लेकर रजिस्ट्रेशन के लिए बस्तर स्थित साइबर कैफे के कंप्यूटर का उपयोग किया गया है। पुलिस जब साइबर कैफे पहुंची तो वहां संचालक नरेंद्र मिला। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मैंने ही सनी लियोनी के नाम का दस्तावेज बनाया था और सारे डाक्यूमेंट पोर्टल में अपलोड किया था। उसने यह भी बताया कि दस्तावेज बनाने से लेकर पोर्टल में रजिस्ट्रेशन तक का काम उसने ही किया था। इस काम में पहले गिरफ्तार वीरेंद्र कुमार जोशी की भागीदारी नहीं थी। लेकिन वीरेंद्र के बैंक खाते का उपयोग किया गया और पैसे वीरेंद्र के बैंक खाते में आ ▶▶|शेष पेज 10 पर



### परियोजना अधिकारी का निलंबन आदेश नहीं

इस मामले में तालुर गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदवती जोशी को बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं सुपरवाइजर प्रभा नेताम और परियोजना अधिकारी बस्तर ज्योति मथरानी को निलबिंत कर दिया गया है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिसके पति की मौत हो चुकी है उस बेवा को बर्खास्त कर दिया गया लेकिन परियोजना अधिकारी का निलंबन का आदेश अभी तक जारी नहीं हुआ है। वैसे बर्खास्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पक्ष में पूरा संगठन उसके लिये खड़ा हो गया है। जो बर्खास्तगी को खत्म कर बहाली की मांग कर रहे हैं।

# तय समय में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य पूरा करें अन्यथा होगी कार्रवाई

## सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जगरगुंडा केन्द्र का ईडी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी अंदरूनी क्षेत्र के ग्रावों के ग्रामीणों को बिजली सुविधा के लिए सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जगरगुंडा में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस पर कंपनी के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने हॉल ही में उपकेन्द्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें ठेकेदार को निर्देश दिया कि तय समय में कार्य पूरा करें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपकेन्द्र बनने से उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद होने एवं लो-वॉल्टेज की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। साथ ही ग्रामीणों से बातचीत की और कहा कि बिजली संबंधित समस्या होने पर कंपनी के निकट स्थित कार्यालय को सूचित करें, जिससे समस्या का निराकरण कर सकें। ईडी के साथ प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता दिलीप कुमार सैनी भी रहे।



### डीई व एई को दिए निर्देश

*कंपनी के ईडी ने क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की शिकायत तत्काल स्थल में पहुंचे और समस्या का निराकरण करें।*

# भगवान कृष्ण की लीलाओं को सुनकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**जगदलपुर।** श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया गया। व्यासपीठ पर आसीन विनी किशोरी ने कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। उन्होंने बताया कि मनुष्य को भी अपने धन-बल और सत्ता का घमंड नहीं करना चाहिए। श्री राधा रमण समिति द्वारा दंतेश्वरी मंदिर के सामने आयोजित संगीतमय भागवत कथा में कथावाचक विनी किशोरी ने श्री कृष्ण बाल लीला, गोर्वधन पूजा के प्रसंग सुनाए व श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर चित्रण भी किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण भगवान की अद्भुत लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। देवराज इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका घमंड दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। इन्द्र ने भगवान से क्षमायाचना की।

# श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को सुनकर श्रद्धालु हुए मुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- हारमपारा में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन

नगर के हारमपारा में 22 दिसंबर से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। संगीतमय श्रीमदभागवत महापुराण कथा में प्रथम दिवस कलश यात्रा निकालकर, महात्मा कथा का वाचन किया गया। वहीं दूसरे दिन सुखदेव जन्म, परीक्षित श्राप, बराह अवतार कथा सुनाई गई। तीसरे दिन मंगलवार को कपिल आख्यान, ध्रुव चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र के बारे में कथा का वाचन किया गया। वहीं चतुर्थ दिन गजेंद्र मोक्ष कथा वामन अवतार, राम अवतार व कृष्ण जन्मोत्सव का वाचन किया गया। पंचम दिन गुरुवार को पूतना उद्धार, बाल लीला, माखन चोरी, गिरिराज धरण की कथा का वचन हुआ। छठवें दिन महारास लीला, कंस वध, व रुक्मणी मंगल की कथा सुनाई गई। वहीं सातवें दिन शनिवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा, विश्राम चढ़ोत्तरी होगी। वहीं अंतिम दिन 29 दिसंबर को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, शहस्त्रधारा, महाआरती, भंडारा के साथ भागवत कथा का समापन होगा। कथा व्यास पंडित जगदीश दुबे ▶▶|शेष पेज 10 पर





## वायुमंडल में बना सिस्टम, वज्रपात के साथ हल्की बारिश के संकेत

# ठंडी हवा से अंचल में बढ़ी ठण्ड, तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंचल में मौसम में परिवर्तन होने और तापमान में गिरावट होने से ठण्ड का प्रभाव है। कहीं-कहीं पर ठंडी हवा से दिन सर्द भरा है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक प्रदेश में कहीं-कहीं पर शनिवार को गरज चमक के साथ वज्रपात और हल्की से माध्यम बारिश की संभावना है। पिछले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट हुई है। गुरुवार को सबसे ज्यादा तापमान 30.4 डिग्री दंतेवाड़ा और सबसे कम तापमान 11.6 डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग रायपुर के विज्ञानी एचपीयू चन्द्रा के अनुसार, ऊपरी वायुमण्डल में चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण आंध्र प्रदेश-उत्तर तमिलनाडु तटों से सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक बना हुआ है। वहीं मध्य ट्रोपोस्फेरिक पश्चिमी हवाओं में पश्चिमी विक्षोभ एक गर्त के रूप में इसके अक्ष के साथ समुद्र तल से 5.8 किमी ऊंचाई पर बना हुआ है। एक पश्चिमी विक्षोभ 68 डिग्री पूर्व और 17 डिग्री उत्तर में 3.1 किमी 5.8 किमी ऊंचाई तक स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है, जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है। इन सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में 28 दिसंबर को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।



### तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं

*मौसम विज्ञानी चन्द्रा के मुताबिक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण 29 दिसंबर को दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। 27 और 28 दिसम्बर को उत्तर छत्तीसगढ़ में तथा 28 और 29 दिसम्बर को दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा होने की संभावना है। 29 दिसम्बर से प्रदेश के न्युनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।*

### 3 जनवरी से बस्तर में ठंड का असर

*मौसम विज्ञानी एचपीयू चन्द्रा के मुताबिक 2 जनवरी को प्रदेश के मध्य और उत्तर में ठंड का असर और 3 जनवरी को बस्तर के जिलों में ठंड का असर रहने की संभावना है। 2 जनवरी तक प्रदेश के अधिकांश भाग में न्यूनतम तापमान में 6 से 8 डिग्री तापमान में गिरावट संभावित है उत्तर छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी से कुछ पैकेट में शीतलहर चल सकती है।*

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9149027841

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिसों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 2 प्रकरणों में वारिसों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा मर्दापाल तहसील के ग्राम कीलम निवासी बिमला यादव की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिता सुखदेव यादव को, मर्दापाल तहसील के ग्राम बड़ेबंजोड़ा निवासी रेपसी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पत्नी तुलसाबाई को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए गए हैं।

### जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों के आरक्षण के लिए कार्यवाही स्थगित

**कोण्डागांव।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, सरपंच एवं वार्ड पंच के लिए 28 दिसंबर को जिले में आयोजित आरक्षण की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संशोधित समय सारिणी जारी किया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन 3 जनवरी 2025 को, आरक्षण की कार्यवाही एवं अधिसूचना का प्रकाशन 8 जनवरी से 10 जनवरी 2025 तक, आरक्षण की जानकारी प्रेषित करने की तिथि 10 जनवरी तक, जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन 3 जनवरी को एवं आरक्षण की कार्यवाही एवं जानकारी प्रेषित करने की तिथि 11 जनवरी 2025 को प्रस्तावित है।


### गुण्डाधुर कॉलेज की छात्रा मुस्कान शर्मा का बीएसएफ में हुआ चयन

**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव की छात्रा मुस्कान शर्मा का केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल बीएसएफ में चयन हुआ है। इस चयन ने कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



कॉलेज के करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी ने बताया कि मुस्कान की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और परिवार का सहयोग है। मुस्कान ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर महाविद्यालय तक का सफर पूरी लगन और समर्पण के साथ तय किया। उन्होंने महाविद्यालय में पढ़ाई के दौरान करियर गाइडेंस की सहायता से बीएसएफ परीक्षा की तैयारी की। उनकी ज्वाइनिंग प्रक्रिया 2025 में पूरी होगी। मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और परिवार को दिया है।

### अस्पताल में भर्ती मरीज के लिए बीरेंद्र ने किया रक्तदान



**कोण्डागांव।** जिला अस्पताल में शुक्रवार बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारी बीरेंद्र टंडन ने गंभीर हालत में भर्ती मरीज की जान बचाने के लिए रक्तदान किया। केसकाल निवासी कुमारी प्रीति जांगड़े पिता छबिलाल जांगड़े उम्र 21 वर्ष को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती कराया गया था। उन्हें तत्काल एबी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। मरीज की हालत को देखते हुए कई व्हाट्सएप ग्रुप में सहायता की अपील की गई। सूचना पन्ना देहारी के माध्यम से बाबा साहेब सेवा संस्था तक पहुंची। पदाधिकारी बीरेंद्र टंडन ने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। इस नेक कार्य में संस्था के अध्यक्ष मार्कंडेय ने भी सहयोग किया। मरीज के परिवार और अस्पताल प्रशासन ने बाबा साहेब सेवा संस्था की इस पहल की सराहना की। पदाधिकारियों ने रक्तदान के बाद मरीज के जल्द स्वस्थ होने की कामना की और समाज के अन्य लोगों से भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।



# महतारी वंदन सम्मान कार्यक्रम में लाभार्थियों को बांटी गई मुख्यमंत्री विष्णुदेव की पाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिले में जनादेश परब मनाया जा रहा है। इस मौके पर सुशासन का एक साल–छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल थीम पर मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा छत्तीसगढ़ के जनमन के लिए जारी विष्णु की पाती का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज स्थानीय ऑडिटोरियम में महतारी वंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को विष्णु की पाती बांटी गई। जिले के 1 लाख 39 हजार 313 महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।

### विष्णु की पाती पाकर महिलाएं हुईं उत्साहित

महतारी वंदन सम्मेलन में योजना के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जारी विष्णु की पाती का वितरण किया गया। महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ने अपने नाम से विष्णु की पाती पाकर उत्साहित हुईं। इस पत्र के लिए सभी ने मुख्यमंत्री साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आयोजन : साइबर अपराधों पर चर्चा कर सतर्कता बरतने की सलाह दी

# बड़ेबजोड़ा एनएसएस कैंप में हुआ विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के तहत ग्राम बड़ेबजोडा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और कु. गायत्री साय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार भट्ट ने उपस्थित छात्र–छात्राओं और ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी पहलुओं पर जागरूक किया। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कई महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, 2006 और बाल विवाह पर रोक लगाने के प्रावधान, बाल श्रम और मानव तस्करी के खिलाफ कानून, साइबर अपराध और मोबाइल से होने वाले अपराधों के प्रति सतर्कता, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, 2019, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा का अधिकार, किशोर न्याय बोर्ड के नियम और प्रावधान बताए।

### कानूनी जागरुकता का उद्देश्य

शिविर का उद्देश्य कानूनी जागरुकता बढ़ाना, बाल अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करना और समाज को बाल विवाह, बाल श्रम और अन्य सामाजिक कुरीतियों से मुक्त बनाना था। साथ ही साइबर और मोबाइल से संबंधित अपराधों पर चर्चा कर सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान उपस्थित जनसमूह ने इस जानकारी को अपने जीवन में उतारने और समाज में जागरुकता फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में एनएसएस कैंप के अधिकारी पी.सी. ठाकुर, तिलक राम मंडावी, श्रीमती भूपेश्वरी ठाकुर, ग्राम सरपंच जेठू राम पोयम, अधिकार मित्र विवेक कश्यप, तथा स्वयंसेवक नरेश पांडे और मोबिन भारद्वाज उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं भी शामिल हुईं।

### आरडीए का संपत्ति विक्रय अब ऑनलाइन

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण की संपत्तियां अब घर बैठे खरीदी जा सकेगी। आवास एव पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने गुरुवार को प्राधिकरण की ऑनलाइन संपत्ति विक्रय की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा रायपुर विकास प्राधिकरण की यह एक अच्छी पहल है इसका फायदा आम लोगों को मिलेगा। इससे नागरिकों प्रापर्टी ब्रोकर, एजेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी। देश-दुनिया से कोई भी भारतीय नागरिक अब रायपुर विकास प्राधिकरण की प्रापर्टी बिना किसी दिक्कत के खरीद सकेगा। प्राधिकरण ने आम जनता की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रापर्टी विक्रय की व्यवस्था शुरू कर दी है। संपत्ति ऑनलाइन विक्रय साफ्टवेयर के बारे में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध संपत्ति खरीदने के इच्छुक भारतीय नागरिक वेबसाइअ के माध्यम से योजनावार, कैटेगरी में उपलब्ध संपत्ति खोज कर ऑनलाइन ही राशि का भुगतान कर क्रय कर सकेंगे। इस प्रक्रिया से संपत्ति विक्रय की प्रीमियम राशि, जलकर और अन्य भुगतान किया जा सकेगा। इस प्रक्रिया से लोगों को बार-बार प्राधिकरण कार्यालय में आने की परेशानी नहीं होगी, साथ ही समय की बचत होगी।

# बालोंड़ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 100वां स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई जिला परिषद ने आज अपना 100वां स्थापना दिवस माकड़ी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बालोंड में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सीपीआई के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रतीक हंसिया–हथौड़े वाले लाल झंडे को फहराया और लाल सलाम के नारों के साथ उसे सलामी दी। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सीपीआई और लाल झंडे के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हुई थी। तब से पार्टी लगातार भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक भारत में सच्चे लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए संघर्षरत है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संघर्षों की बदौलत आज देश में मजदूरों, किसानों, महिलाओं और अन्य मेहनतकश वर्गों को उनके अधिकार मिले हैं। वक्ताओं ने मौजूदा समय में पूंजीवादी सरकार की नीतियों को देश की संप्रभुता, लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि केवल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ही आम जनता को उनकी परेशानियों, समस्याओं, शोषण और अन्याय से मुक्त कर सकती है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### ये रहे मौजूद

का. जयप्रकाश नेताम, का. बिसम्बर मरकाम, का. दिनेश मरकाम, दुबेश मरकाम, सरादू मरकाम, बोगा मरकाम, धनीराम मरकाम, दीपेश मरकाम, झगड़ू मरकाम, कृष्ण मरकाम, विष्णु मरकाम, कुमार मंडावी, मानसिंह मंडावी और महाजन मरकाम ने अपनी भागीदारी दर्ज की।

# शहर के 70 तालाबों में मछली पालन के लिए होगा ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम, शहर के 70 तालाबों में मछली पालन कार्य के लिए मत्सय पालन समूहों को ठेका देगा। बाजार विभाग विभाग ने 10 साल की लीज पर इन तालाबों की सफाई, देखरेख के साथ मछली पालन कार्य के लिए 17 जनवरी तक आवेदन मंगाये हैं। इस कार्य के एवज में नगर निगम को 35 लाख रुपये की कमाई होने की उम्मीद है। राजधानी के बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब, कटोरातालाब और कंकाली तालाब को इस ठेके से अलग रखा गया है, क्योंकि इन तालाबों में वाटर रिक्रियेशन का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से चल रहा है। शहरभर में नगर निगम के रिकार्ड के हिसाब से 226 तालाब हैं, इनमें से 70 तालाबों के रखरखाव और मछली पालन का ठेका अवधि पूरा होने के बाद आगामी 10 साल की लीज के लिए इन तालाबों को मत्सय पालन सहकारी समितियों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जायेगा। चयनित समिति लीज की अवधि में तालाब की सफाई कर मछली पालन का काम करेगी। 17 जनवरी तक इसके लिए आवेदन निगम मुख्यालय के बाजार शाखा में जमा कराये जा सकते हैं। निगम मुख्यालय के माध्यम से लिये गये आवेदनों में लीज की राशि और पात्रता का परीक्षण मछली पालन विभाग द्वारा किया जायेगा, जबकि चयनित समूहों से मछली पालन के एवज में मिलने वाली लीज की राशि नगर निगम को मिलेगी। अधिकारियों का कहना है कि राजधानी के बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब, सिविल लाइन क्षेत्र स्थित कटोरातालाब और ब्राम्हणपारा वार्ड स्थित प्राचीन कंकाली तालाब में मछली पालन ठेका नहीं होगा।

- नगर निगम को 35 लाख रुपए का मिलेगा राजस्व

### निगम में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अधिकारियों को मिली शाबासी

**रायपुर।** नगर निगम में नवाचार के तरीके अपनाकर आम जनता से जुड़े कार्यों में सहजता लाने के प्रयासों को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सराहा है। गुरुवार को गांधी सदन में ऐसे ही चुनिंदा अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन को ऑनलाइन संपत्तिकर प्रणाली, फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम, होर्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम और ई चालान प्रणाली के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सहायक अभियंता अंशुल शर्मा को फास्ट फोर व्हीलर ई चार्जिंग स्थापना और प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण में उनके योगदान के लिए शाबासी दी। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े सहायक अभियंता योगेश कडू को स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य, अमृत मिशन के तहत एसटीपी में उपचारित जल आपूर्ति के महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू करने बृजमोहन की एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में हवाई सेवाओं के विस्तार और स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को यात्रियों के लिए बेहतर बनाने के लिए गुरुवार को एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने की। बैठक में रायपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई।

श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ से विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों के सही आंकड़े जुटाने के लिए इमीग्रेशन ऑफिस से डेटा संग्रहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एयरपोर्ट पर जल्द से जल्द इमिग्रेशन, कस्टम और कार्गो ऑफिस शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं प्रारंभ की जा सकें। श्री अग्रवाल ने रायपुर से अंबिकापुर के लिए संचालित उड़ानों को पटना, प्रयागराज, बनारस, और रांची तक जोड़ने की संभावनाओं की तलाश करने के निर्देश दिए। साथ ही रायपुर से जयपुर, पुणे, पटना, रांची, और चंडीगढ़ के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की कार्य योजना बनाने की बात कही। उन्होंने रायपुर-हैदराबाद उड़ान को वाया जगदलपुर संचालित करने के निर्देश भी दिए। एयर इंडिया और अकासा एयर जैसी एयरलाइंस को रायपुर से अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने का सुझाव भी दिया, ताकि किराए में कमी के साथ यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। बैठक में एयरपोर्ट पार्किंग की दरों, वेटिंग टाइम और पार्किंग कर्मियों के व्यवहार पर भी चर्चा की गई। श्री अग्रवाल ने वेटिंग टाइम को 10 मिनट करने और पार्किंग दरों में कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ मिलकर इन मुद्दों पर समाधान निकालने के लिए कहा।

- रायपुर–अंबिकापुर फ्लाइट को पटना तक संचालित करने पर विचार


### इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार पर प्रगति

एयरपोर्ट निदेशक डॉ. एस.डी. शर्मा ने बताया, जल्द ही इन-लाइन बैगेज हैंडलिंग सिस्टम को चालू किया जाएगा, जिससे पंजीकृत सामान की स्क्रीनिंग में सुविधा होगी। आउटबाउंड कार्गो सुविधा अगली तिमाही में पुनः शुरू की जाएगी। भीड़भाड़ कम करने के लिए टर्मिनल बिल्डिंग के सामने तीन नई लेन और दो अतिरिक्त एग्जिट चेक प्वाइंट बनाए जाएंगे। बैठक में विधायक मोतीलाल साहू, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा, एयरलाइंस प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवाचार और समावेशी शिक्षा पर के राज्य स्तरीय सेमिनार में शामिल हुईं शिक्षिका मधु

# बाधाओं को दूर कर हर बच्चे को सुलभ शिक्षा प्रदान करना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 26 दिसंबर को एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। समावेशी शिक्षा हर बच्चे का अधिकार विषय पर केंद्रित इस सेमिनार में राज्य के विभिन्न जिलों के शिक्षकों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियां दीं। सेमिनार का मुख्य लक्ष्य समावेशी शिक्षा की अवधारणा को प्रोत्साहित करना, दिव्यांग बच्चों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना और शिक्षा प्रणाली में विविधता को समाहित करते हुए सभी छात्रों को बेहतर और समग्र शिक्षा प्रदान करना था। सेमिनार में समावेशी शिक्षा से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की गई। जिनमें दिव्यांग छात्रों के लिए शिक्षा में समान अवसर, शिक्षकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता, सहायक तकनीक का उपयोग और दिव्यांग छात्रें के लिए खेलकूद व सह–पाठ्यक्रम गतिविधियाँ शामिल थीं। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका सुश्री के. शारदा द्वारा की गई। जिन्होंने हर बच्चे के शिक्षा के समान अधिकार पर ज़ोर दिया और समावेशी शिक्षा का उद्देश्य सभी बाधाओं को दूर कर सुलभ शिक्षा प्रदान करना बताया। विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं के अनुसार शिक्षण रणनीतियाँ, समावेशी कक्षा में सहायक तकनीक का उपयोग, समावेशी शिक्षा के लिए आवश्यक शिक्षक प्रशिक्षण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और समावेशी शिक्षा, परीक्षा में छूट और विशेष प्रावधान, खेलकूद और सह–पाठ्यक्रम गतिविधियाँ, परिवार और समुदाय की भूमिका, मल्टी–ग्रेड कक्षाओं में समावेशी शिक्षा का कार्यान्वयन, स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और लाभ, दृष्टिबाधित और श्रवण बाधित छात्रों के लिए विशेष उपकरणों और भाषाओं का उपयोग, मानसिक स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक समर्थन, मूल्यांकन और प्रगति का आकलन, ऑटिज्म और एडीएचडी वाले बच्चों के लिए शिक्षण रणनीतियाँ, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का योगदान करना है।

### व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर जोर

समावेशी शिक्षा के माध्यम से समाज में समानता और समरसता, स्पेशल एजुकेटर की भूमिका और आवश्यकता श्रीमती मधु तिवारी, कोंडागांव द्वारा प्रस्तुत, दिव्यांग बच्चों के लिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास शामिल है। समावेशी शिक्षा और लैंगिक समानता, एडीआईपी योजना दिव्यांग उपकरणों की उपलब्धता और उपयोग, सामाजिक और भावनात्मक कौशल का निर्माण, कला और संगीत चिकित्सा का उपयोग, ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी शिक्षा की चुनौतियाँ और समाधान करना था। कार्यक्रम के अंत में अनामिका चक्रवर्ती ने सेमिनार के विभिन्न विचारों को सारांशित किया और सिकलिंग दिव्यांगता की जानकारी देते हुए विशेषकर बच्चों की थकान पर ध्यान आकर्षित कराया।

## पेज 9 के शेष

### सनी लियोनी के नाम से...

रहे थे। ऐसे में वीरेंद्र को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया हैं। दोनों युवकों को पुलिस ने रिमांड पर जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि पोर्न स्टार सनी लियोनी के नाम से महतारी वंदन योजना के तहत पैसे लेने का मामला उजागर होने के बाद पूरे प्रदेश में बवाल मचा हुआ है।

कार्यक्रम अधिकारी का ट्रांसफर हो गया बिलासपुर

इस मामले में प्रशासनिक गलियारे में इस बात की जमकर चर्चा चल रही है कि सनी लियोनी मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी अरूण पाण्डे की भूमिका है। जिन्होंने पूरे जिले में आईडी का उपयोग करने की छूट दी थी। साथ ही एक माह के अंदर ज्यादा से ज्यादा महतारी वंदन योजना के प्रकरण बनाने के लिये दबाव बनाया । यही कारण है कि तालुर गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी चपेट में आ गई। जबकि इसमें ग्राम प्रभारी और पंचायत के लोग भी शामिल रहे। यह भी कहा जा रहा है कि वर्तमान जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमंत साहू जो पण्डरीपानी सेन्टर में पदस्थ थे उन्हें यहां लाया गया। वे खुद बीमार होने के कारण इस पद पर आना नहीं चाहते थे, उन्हें बीपी और शुगर सहित अन्य बीमारियों के कारण दौड़ भाग करने में परेशानी हो रही है। इस तरह असली गुनाहगार बिलासपुर चला गया और बीमार को दौड़ भाग करना पड़ रहा है।

### श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को...

ने आज की कथा में कंस वध व रुक्मणी मंगल की कथा सुनाई। महाराज जी ने आज कथा के माध्यम से बताया की जब भक्त भगवान को याद करता है तब भगवान सब छोड़ कर दौड़े चले आते हैं। कथा आयोजन कर्ता लक्ष्मीनाथ नाग व पत्नी श्रीमती पार्वती नाग एवं समस्त ग्रामवासी आज की कथा में हर्षोल्लास के साथ आनंद में झूमते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### डॉ. मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**दंतेवाड़ा।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की। देश ने एक विद्वान अर्थशास्त्री और संवेदनशील नेता को खो दिया। उनकी दूरदर्शिता और नीतियों ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। देश उनकी सेवाओं और योगदान को याद करेगा। पूर्व विधायक देवती कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ,पीसीसी महासचिव छविंद्र कर्मा, जिला उपाध्यक्ष विरेंद्र गुप्ता, मनीष भट्टाचार्य, विमल सलाम,रीतेश जैन, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति इंद्रा शर्मा, विवेक देवांगन, एन नागराज आदि कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर ग्रापं सचिव निलंबित

**बीजापुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार द्वारा जनपद पंचायत भोपालपटनम के सचिव रिंटु दुर्गम को कर्तव्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1998 के नियम 3(1) (एक) (दो) (तीन) के तहत निलंबित करते हुए दुर्गम का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत भोपालपटनम नियत किया गया है। यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के दिये गए निर्देशों का लगातार अवहेलना, कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता के कारण की गई है।

### विभागीय एवं विकास कार्यों की समीक्षा

# ग्रामीणों की समस्याओं का करें समाधान मांग के अनुरूप : डोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर







बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह द्वारा बीजापुर जिले के प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में जिले में संचालित समस्त विकास कार्यो एवं विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित विकास कार्यो के बारे में अवगत कराया गया।

कमिश्नर डोमन सिंह ने बैठक में कहा कि छोटी-छोटी जरूरतों के लिए अंदरूनी ईलाके के ग्रामीणों को जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय न आना पड़े इसके लिए एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत द्वारा विकेन्द्रीकृत जनदर्शन-जनचौपाल एवं जनसमस्या निवारण शिविर का नियमित आयोजन किया जाए, ताकि ग्रामीणों की स्थानीय स्तर पर उनके समस्याओं का समाधान सुगमतापूर्वक हो सके। उन्होंने बैठक में नियद नेल्लानार क्षेत्रों में संचालित बीजापुर एक्सप्रेस बस सेवा, ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी में संचालित शैक्षणिक संस्थाओं, जाति प्रमाण पत्र के सरलीकरण, स्पोर्ट्स एकेडमी, नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन, सड़कों का विस्तार विद्युतीकरण, स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सुविधाएं, राशन दुकान सहित ग्रामीणों को आधार, आयुष्मान, राशनकार्ड, बैंक पासबुक सहित आवश्यक दस्तावेजों को उपलब्ध कराने, अमृत सरोवर की सर्वाधिक स्वीकृति, प्रधानमंत्री आवास की प्रगति आंगनबाड़ी में विद्युतीकरण, स्कूलों में न्यौता भोज का आयोजन सहित कृषि उद्यानिकी, क्रेडा, वनअधिकार पत्र की विस्तृत समीक्षा करते हुए नियद नेल्लानार योजना के ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों को शतप्रतिशत विद्युतीकरण कराने, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने सहित शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन किए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने स्वच्छता अभियान के तहत कार्यालय प्रमुख द्वारा महीने के तीसरे शनिवार को कार्यालय की साफ-सफाई एवं परिसर की स्वच्छता हेतु स्वेच्छा से सहभागिता निभाने पर जोर देते हुए कहा कि इसे अपनी आदत में शामिल करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने स्कूल और शैक्षणिक संस्थाओं में साफ-सफाई का कार्य शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के द्वारा किए जाने कहा। कमिश्नर ने कहा कि न्यौता भोज का आयोजन शत-प्रतिशत स्कूलों में हो जिसके लिए जिला स्तर के अधिकारी आवश्यक पहल करें। स्कूलों को गोद लेकर नियमित न्यौता भोज का आयोजन करें, बच्चों के साथ समय बिताएं एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर के स्कूलों में विज्ञान, गणित, वाणिज्य जैसे विषयों का क्लास लें और विद्यार्थियों का कैरियर गाईडेंस भी करें। कृषि विज्ञान जैसे विषयों के लिए वर्चुअल क्लास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। वहीं समाज कल्याण विभाग को कृत्रिम अंग के परीक्षण शिविर का आयोजन करने, कोटप्पा एक्ट के तहत सतत कार्यवाही करने सहित बैंकिग सुविधाओं के विस्तारए शासकीय प्रयोजन के लिए भूमि आबंटनए जनजातीय परिवारों को दुधारू गाय प्रदान करने परिवारों का चिन्हांकन करने एवं जल-जीवन मिशन के तहत स्कूल, आश्रम, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में नल कनेक्शन प्राथमिकता के साथ पूर्व करने सहित विभिन्न विकास कार्यों के समुचित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास अर्न्तगत किए गए कार्यो को विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में डीएफओ रामाकृष्णा वाय सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन विभाग, नगरीय प्रशासन विकास के संभागीय स्तर के संयुक्त संचालक, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। वहीं अनुविभागीय अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत, बीईओ, बीएमओ एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारीगण विडियो कांफ्रेस के माध्यम से बैठक से जुड़े थे।

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिजनों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ति के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत सर्पदंश से मृत्यु के 3 प्रकरणों में से मृतक मंगरू कुड़ियम के निकटतम वारिस उनके भाई अशोक कुड़ियम निवासी ग्राम चिन्गेर, मृतक मंगल राम वाचम के निकटत वारिस उनके भाई वाचम डुन्डा निवासी ग्राम एड़कापल्ली एवं मृतिका कुमारी नीला माड़वी के निकटतम वारिस उनकी माता गुप्पे माड़वी निवासी ग्राम डालेर प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए कुल तीन परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

## ग्रामीणों को मिला खाने का सामान और दवाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

सीआरपीएफ 212 वीं बटालियन डब्बामार्का और पोटकपल्ली में मुफ्त रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। अति संवेदनशील नक्सल क्षेत्र में सीआरपीएफ कोबरा का नया कैंप खोला गया है। राकेश अग्रवाल पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में पिछले दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग किया गया। सूरजपाल वर्मा पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज परिचालन कोन्टा ने 212 वीं बटालियन पोटकपल्ली और डुब्बामार्का इलाके के लगभग 5 किलोमीटर पर स्थित गांव पालाचलमा, अमापेंटा, डुब्बामारका, टेटेमडगु, वेरुम ,वीरपुरम के ग्रामीणों के लिये शिविर लगाया। फील्ड हॉस्पिटल किस्टाराम के सहयोग से ग्रामीणों का रक्त के नमूने संग्रह किए गए। ग्रामीणों को खाने-पीने की वस्तुओं और फल, दवाइयां बांटे गए।

रक्त में पाई गई कमियां जैसे ब्लड शुगर, टोटल कोलेस्ट्रॉल, एचडीएल, एलडीएल, एसजीओटी, एसजीपीटी ,यूरिक एसिड, हीमोग्लोबिन, न्यूट्रोफिल, लिंफोसाइट्स, टीएलसी, प्लेटलेट्स काउंट, एमसीवी, एमसीएच, एमसीएचसी आदि के बारे में बताया गया और बीमारियों से बचने चिकित्सा सलाह दिया गया।

इस अवसर पर विनय जगताप सहायक कमांडेंट, प्रहलाद कुमार, रोहित कुमार तथा एफएच किस्टाराम के चिकित्सा अधिकारी बी. निखिल कुमार व पैरामेडिकल स्टाफ व जवान उपस्थित रहे।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया के मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय आयोजन स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बीजापुर के प्रांगण में आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में जिले के चारों विकासखण्ड के कुल 92 प्रतिभागी छात्रों ने भाग लिया। विभिन्न आयु वर्ग अनुसार बच्चों को भारत के लिए मेरा सपना, मुझे क्या खुशी देता है, राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका, विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण, विषयों पर चित्रकला, निबंध, कविता, वाद-विवाद, डिजिटल प्रस्तुती, कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित किये गये। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में प्रभाकर शर्मा प्राचार्य सेजेस हिन्दी माध्यम विद्यालय बीजापुर एवं सरिता दुब्बा, प्राचार्य डाईट बीजापुर ने गुरू गोविंद सिंह दोनों बेटों के बलिदान एवं वीर बाल दिवस मनाने के संबंध में बच्चों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# बंग समाज करेगा नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल





किरंदुल नगर पालिका के सभी वार्डो का आरक्षण दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में किया गया। जिसमें किरंदुल के बंगाली बाहुल्य क्षेत्र बंगाली कैंप जो वार्ड नंबर 3 और 4 के अंतर्गत आता है। वार्ड क्रं. 3 में एस टी महिला और वार्ड क्रं. 4 में एस सी मुक्त होने से बंग समुदाय के लोगों में आरक्षण को लेकर काफी नाराजगी देखने को मिल रहा था। 5 वर्ष पूर्व भी इन वार्डो में इसी तरह का आरक्षण दिया गया था और इस वर्ष बंग समुदाय को उम्मीद थी आरक्षण में बदलाव होगा।

- वार्ड में लगातार एसटी और एससी सीट होने से हैं नाराजगी

इन वार्डो के आरक्षण का पता लगते ही नाराज होकर बंग समाज ने 26 दिसंबर को समाज की बैठक रखी। इस बैठक में बंग समुदाय के सदस्य उपस्थित हुए वार्ड आरक्षण को लेकर समाज के लोगों में काफी आक्रोश और नाराजगी देखने को मिली। वार्ड 3 और 4 के आरक्षण के खिलाफ बंग समाज के लोगों ने नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया और नगरीय निकाय चुनाव में मतदान न करने का फैसला लिया। बंग समुदाय के अध्यक्ष सुकुमार हवलदार ने कहा कि बंग समुदाय के 400 से भी अधिक परिवार बंगाली कैंप वार्ड नंबर 3 और 4 दो हिस्सों में निवास करते है। इन दोनों वार्डो में 90 प्रतिशत से भी ज्यादा बंग समुदाय के परिवार सदस्य हैं। बंग समाज के नमोशुद्र जाति को बंगाल, उड़ीसा, झारखंड ,असम, में एस सी की मान्यता प्राप्त है, लेकिन छत्तीसगढ़ में एस सी की मान्यता अभी तक नहीं दी गई है ।

अगर वार्ड परिसीमन सर्वे में बंग समुदाय के नमोशुद्र जाति को एस सी मानकर वार्डो का आरक्षण किया गया है तो बंग समाज के लोगों को एस सी कोटे से चुनाव लड़ने दें और अगर शासन बंग समाज के नमोशुद्र जाति को एस सी नहीं मानती है तो वार्डो को जनरल किया जाए क्योंकि इन वार्डो में सबसे अधिक बंग समाज के लोग ही निवास करते हैं जिससे हमारे लोगों को नगर पालिका में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले । 5 वर्ष पूर्व भी इसी तरह के आरक्षण के कारण बंग समुदाय के लोगों को नेतृत्व करने का मौका नहीं मिला । दूसरे वार्डो से प्रत्याशियों को लाकर वार्डों में चुनाव लड़वाया गया। वार्ड नंबर 4 पिछले बार भी एस सी मुक्त था इस वार्ड में एस सी का एक ही परिवार रहता है राजनीतिक पार्टियों को दूसरे वार्डो से प्रत्याशी लाकर वार्ड नंबर 4 में लड़वाना पड़ा वार्ड नंबर 3 में भी यही हाल है एस सी के बहुत कम परिवार है। नियमानुसार वार्ड में आरक्षण के लिए कम से कम 40 प्रतिशत उस जाति की जनसंख्या उस वार्ड में होनी चाहिये। इसलिए अगर इन वार्डो का आरक्षण बदला नहीं गया तो बंग समाज के लोग इस चुनाव में अपने मत अधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में विपुल रॉय, मृणाल राय,समर नंदी, बिप्लव मल्लिक, विमल सरकार, सपन साहा,सुभाष नंदी, नीलरतन घोष, रिंकू राजवंशी, प्राण गोविंदा, प्रकाश मंडल, संजू दास, डॉ बैरागी, अभिषेक घोष, संजीवन, अविनाश मजूमदार, रामकृष्ण मंडल,अरुण चक्रवर्ती,सागर साहा, जयदेव बछड़, रखाल चक्रवर्ती सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में कौशल प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





कृषि विज्ञान केन्द्र गीदम दन्तेवाड़ा में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। दन्तेवाड़ा जिले के अलग-अलग ग्रामों से लगभग 30 प्रशिक्षार्थी का ऑनलाइन पंजीयन कर प्रशिक्षण का आयोजन शुरू किया गया। जिसमें प्रशिक्षार्थियो को मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर 200 घण्टे का प्रशिक्षण दिया जाना है।

यह प्रशिक्षण मार्च 2025 तक चलेगा एवं प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रशिक्षार्थियो को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। जिसमें लाभर्थियों को कुल 200 घण्टे का नियमित प्रशिक्षण मशरूम उत्पादन व प्रसंस्करण विषय पर दिया जायेगा। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार निषाद ने बताया कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत मशरूम उत्पादन व उसके प्रसंस्करण पर चयनित लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिसमें मशरूम उत्पादन के लिए निर्धारित व सुरक्षित स्थान का चयन, मशरूम बीज व मशरूम उत्पादन की तकनीकी जानकारी साथ ही मशरूम के विपणन के लिए बाजारीकरण व्यवस्था कैसे उपलब्ध हो व मशरूम का प्रसंस्करण कर कैसे मुल्य संवर्धन को बढ़ाकर आजिविका सृजन का एक अच्छा उद्यम बना सकते है, इसकी विस्तार पुर्वक जानकारी इस प्रशिक्षण के अंतर्गत दिया जायेगा। जिससे वे मशरूम उत्पादन के व्यवसाय को बेहतर ढंग से उद्यमी के रूप मे अपना सके। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत कृषि विज्ञान केन्द, दन्तेवाड़ा के प्रशिक्षक वन्दना चड़ार व सुरेद्र कुमार पोडियाम, कार्यक्रम सहायक द्वारा दिया जा रहा है।

### शासन-प्रशासन से जुड़ने ग्रामीणों में दिखा उत्साह



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में नियद नेल्लानार ग्राम में योजनाओं से शतप्रतिशत ग्रामीणों को लाभान्वित किए जाने 23 दिसंबर से 25 दिसम्बर 2024 तक ग्राम पंचायत बेचापाल के हुर्रेपाल में आधार, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना, बैंक खाता खोलने श्रमिक पंजीयन, पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। साथ में ग्रामीणों द्वारा शिविर के दौरान ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रस्साकसी, कबड्डी, व्हालीबाल, मटकाफोड़, तीरंदाजी जैसे खेल में लगभग 230 प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

**खबर संक्षेप**

### रक्तदान शिविर आज

**जगदलपुर।** बस्तर जूनियर चेंबर ऑफ कॉमर्स का रक्तदान शिविर शनिवार को दोपहर 3 बजे से चेम्बर भवन में होगा। जिसमें भाग लेने के लिए लोगों से आग्रह किया गया है।

### बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान पर कार्यशाला



**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बानने के लिए राज्य शासन के निर्देश में 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान' का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी कियान्वयन तथा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य की कियान्वयन नीति तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना अनुसार प्रत्येक जिले में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों का संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर हरिस एस द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत दी जा रही जानकारियों को अमल करने के निर्देश दिए।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**बीजापुर।** जिले में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्था जिनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण की पात्रता रखने वाले विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन की तिथि 1 जनवरी से 28 फरवरी तक निर्धारित किया गया है।

# रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने चलाया यात्री जागरूकता अभियान

## सिंगल महिला यात्री की सुरक्षा में महिला आरक्षकों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स यात्रियों की सुरक्षा व उनकी संपत्ति को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने समय-समय पर यात्री जागरूकता अभियान चलाता है। इस कड़ी में रेलवे स्टेशन में जागरूकता अभियान चलाकर यात्रियों को सतर्क किया गया। साथ ही स्टेशन में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई।

विशाखापट्टनम रेल मण्डल मुख्यालय के सीनियर डिवीजन सिक्युरिटी कमिश्नर अजय प्रकाश दुबे के प्रयास से जगदलपुर रेलवे स्टेशन आरपीएफ पोस्ट में तैनात अधिकारियों व आरक्षकों-प्रधान आरक्षकों, सहायक उप निरीक्षकों, उप निरीक्षको व पोस्ट इंचार्ज को मॉडल इक्यूपमेंट सिस्टम से लैस किया जा रहा है। ताकि आरपीएफ को बेहतर बनाया जा सके। यही कारण है कि अब आरपीएफ के जवानों व अधिकारियों के कंधों में 8 घण्टे ड्यूटी के दौरान बॉडी वार कैमरा लगा मिलेगा। साथ ही निक बैंड पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम यानी पोटेबल माइक से सुरक्षा व्यवस्था को मेंटेन किया जा रहा है। साथ ही जवान व सीनियर अधिकारी के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने अधिकारी व जवानों को वाकी-टाकी से लैस किया गया है ताकि आपस मे कमन्यूकेशन में कोई दिक्कत न हो एक दूसरे से संपर्क बना रहे।

### सुरक्षा से लेकर एनजीटी नियम का कड़ाई से पालन

जगदलपुर आरपीएफ पोस्ट इंचार्ज सुमेर सिंह के नेतृत्व में समूचे रेलवे परिसर में 24 घण्टे राउंड द क्लॉक सुरक्षा में जवानों की तैनाती की गई है। रेलवे सुरक्षा के साथ-साथ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के गाइड लाइन का कड़ाई से पालन किया जाता है। खासकर स्टेशन प्लेटफॉर्म में स्मोकिंग, शराबखोरी, मल त्यागने वाले, पान खाकर गंदगी करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।




### मेरी सहेली अभियान में किया गया जागरूक

स्टेशन में मेरी सहेली जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें ट्रेन में लंबी दूरी तक यात्रा करने वाली अकेली महिला के सुरक्षा में आरपीएफ महिला आरक्षक की तैनाती की जाती है। ताकि पूरे यात्रा में महिला यात्री को किसी प्रकार की समस्या न हो। साथ ही ऑपरेशन अमानत, हेल्प लाइन नम्बर-139 के बारे मे जानकारी दी गई। ऑपरेशन अमानत अभियान, रेल्वे सुरक्षा बल थाना, जगदलपुर के अधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा है।

## 5 वर्ष पूर्व पंजीकृत वाहनों पर लगेगा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह

# जांच के दौरान आरटीओ की टीम वाहन चालकों को दे रहे समझाइश

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

परिवहन विभाग की टीम विभिन्न सड़कों में वाहनों की जांच की जा रही है। इसी दौरान वाहन चालकों एवं मालिकों को समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिए गए प्रावधान एवं सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में राज्य में पांच वर्ष पूर्व पंजीकृत मोटर प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाने के संबंध में परिवहन विभाग द्वारा कंपनी को अधिकृत किया गया है। ऑटोमोबाइल डीलरों राज्य में एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत मोटर प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (आवश्यक तीसरी पंजीकरण प्लेट सहित) प्रत्येक इंस्टालेशन हेतु राशि 100 रूपए अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाएगा।



### वाहनों में लगेगा नया प्लेट

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि मोटरयान अधिनियम एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम में दिए गए प्रावधान एवं ई चालानी से बचने के लिए 19 मार्च 2025 तक हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाने हेतु समय सीमा निर्धारित किया गया है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगाने एवं अन्य कार्यवाही हेतु विभागीय वेबसाइट पर लॉगिन किया जा सकता है।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने विशेष अभियान की जरूरत

**जगदलपुर।** भाजपा नेता सुब्रतो विश्वास ने जारी बयान में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से कई परिवार उजड़ रहे यह गम्भीर चिंता का विषय है। सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने यातायात पुलिस और ग्रामीण क्षेत्रों के पुलिस थाना में स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण देना चाहिए। साथ ही मुहिम चलाकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। युवाओं से तेज रफ्तार बाइक न चलाने आहवान करते वाहन धीरे चलाने व यातायात नियमो का पालन करने की समझाईश देने की जरूरत है।



विश्वास ने परिवहन विभाग का ध्यानाकर्षण करते कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाते पाये जाने पर पहली बार चालान, दुसरी बार लायसेन्स निरस्त कर जेल भेजा जाना चाहिए। कम आयु के बिना लायसेन्स वाहन चलाते पाये जाने पर कठोर कार्यवाही किया जाना चाहिए। सामाजिक संगठनों को भी सड़क दुर्घटनाएं रोकने आगे आना चाहिए।

## भाजपा ने नक्सल पीड़ित बच्चों के साथ मनाया वीर बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान दिवस वीर बाल दिवस भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गुरुवार को नेगीगुड़ा स्थित शिवानंद आश्रम में नक्सल पीड़ति बच्चों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। संयोजक रोहित खत्री और सह संयोजक के रूप में योगेश पाणिग्रही मौजूद रहे। महेश कश्यप ने चारों वीर साहिबजादो को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

■ चार साहिबजादों का अमर बलिदान प्रेरणा देता रहेगा : कश्यप

महेश कश्यप ने कहा कि 26 दिसंबर के ही दिन छोटी उम्र में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। जोरावर सिंह और फतेह सिंह की आयु कम थी लेकिन उनका हौसला आसमान से भी ऊंचा था। उन्होंने कहा कि चारों साहबजादों का बलिदान युगों युगों तक राष्ट्र और धर्म की रक्षा हेतु हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा।

कार्यक्रम में भाजपा नगर उपाध्यक्ष मनोहर दत्त तिवारी, शैलेंद्र भदोरिया , राकेश तिवारी, भाजपा नगर महामंत्री संग्राम सिंह राणा,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष पश्चिम प्रकाश झा , युवा मोर्चा जगदलपुर सह प्रभारी सूर्य भूषण सिंह , संयोजक विवेक साहू , भुवनेश्वर ध्रुव, विनोद पांडे अभिषेक तिवारी, अनिमेष सिंह चौहान एवं अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## हल्बा समाज ने मनाया शक्ति दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय हल्बा समाज एवं अधिकारी, कर्मचारी महिला, युवा प्रकोष्ठ जिला बस्तर द्वारा ग्राम कालीपुर में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही गुरूवार को शक्ति दिवस का आयोजन किया गया और एकता, भाईचारा का संदेश दिया गया।

**सीएमएचओ ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की ली बैठक**

# मरीज के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार करें : बसाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने जिला अस्पताल के संचालित सभी विभागों के प्रभारी विशेषज्ञ चिकित्सकों की बैठक शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय में ली। बैठक में मुख्य रूप से सभी विभाग प्रमुखों को समझाईस दी गई कि अपने अधीनस्थ सभी स्टॉफ को निर्धारित समय और निर्धारित ड्रेस कोड में अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहने और मरीज के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए सेवा भावना के साथ अपनी ड्यूटी को अंजाम देने का पूर्ण प्रयास किया जाए।



सलाहकार डॉ. नीरज ओझा ने जिला अस्पताल की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। सीएमएचओ ने जिला अस्पताल के संचालन पर आवश्यक निर्देश दिया। विभाग के प्रभारी मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि बैठक में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. लखन ठाकुर, डॉ. एस नागवंशी, डॉ. भंवर शर्मा, डॉ. सरिता थॉमस, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. आरकेएस राज, डॉ. एसएन अग्रवाल, डॉ. अनिल सोनकर, डॉ. गिरीशा और अस्पताल की मेट्रन आलो नंदी शामिल रही।

### अंजर में सेंचुरेशन कैंप का आयोजन

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंजर में नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत शासकीय योजनाओं की गांव में प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाने और योजनाओं का लाभ देने के दृष्टि से एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आधार कार्ड निर्माण और अपडेशन, बैंक खाता खोलने, आयुष्मान कार्ड निर्माण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार, टीबी-मलेरिया परीक्षण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण, कौशल विकास के द्वारा युवाओं का पंजीयन के साथ ही उद्योग, वन, महिला एवं बाल विकास, जिला पंचायत के एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूल शिक्षा, क्रेडा, विद्युत,पशुधन विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के विभाग के अधिकारी और मैदानी अमला ने योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

# नाबार्ड की पहल से जिले में विकास गतिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने बस्तर में विभिन्न विकासात्मक पहलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन पहलों का उद्देश्य कृषि, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। कृषि क्षेत्र विकास के लिए नाबार्ड के कृषि क्षेत्र संवर्धन निधि के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उपकरणों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे किसानों की आय में सुधार हुआ है। जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए विभिन्न परियोजनाएं शुरू की गई हैं। नाबार्ड के जनजातीय विकास निधि केंद्रों (टीडीएफ) के तहत बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर उसमें फलदार वृक्षों जैसे आम, नाशपाती, अमरूद, एपल, बेर और सेब की वाड़ी बनाई गई है, जिससे कई किसान परिवारों की आय में वृद्धि हुई है।

नाबार्ड ने महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन और समर्थन किया है, जिससे नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है और महिलाओं को रोजगार मिला है। नाबार्ड ने जिले में 3 एफपीओ का गठन कर उनको सशक्त बनाने में प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान की है जिससे 1200 किसान को फायदा मिला है। ग्रामीण विकास में इन्फ्रास्ट्रक्चर के महत्व को जानकार आरआईडीएफ अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों, पुलों और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचन, परिवहन और संचार सुविधाओं में सुधार हुआ है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे कई ग्रामीण परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिला है।

### ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

नाबार्ड के अधिकारी अभिजीत देउरी, सहायक महाप्रबंधक ने कहा कि उनके प्रयासों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है और वे किसानों, महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नाबार्ड की ये पहलें जिले में समृद्धि और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं और भविष्य में भी इसी तरह के प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## क्रिसमस पर सेकंड बटालियन ने आयोजित किये कार्यक्रम

**कोंटा।** सुकमा जिले के सबरी नगर स्थित सेकंड बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय में कमांडेंट रतिकांत बेहेरा ने वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों के साथ मिलकर क्रिसमस मनाया। कमांडेंट ने वाहिनी में उपस्थित सभी अधिकारियों, एवं जवानों को क्रिसमस की बधाई दी। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। वाहिनी मुख्यालय व सभी कम्पनी ए व ई दुलेर, बी व सी मुर्कराज कोंडा, जी चिंतागुफा, एवं एफ रामाराम में केक कटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बड़ाखाना का आयोजन किया गया। इस त्यौहार के माध्यम से लोग अपने प्रेम और सम्मान का अभिव्यक्ति करते हैं और एक दूसरे के साथ प्यार और समझदारी का संदेश देते हैं। यह त्यौहार हमें प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश भी देती हैं। इस मौके पर सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी पवन कुमार, उप कमांडेंट भास्कर भट्टाचार्य, उप कमांडेंट टी सैमसन राजू, सहायक कमांडेंट अश्वनी कुमार और राकेश ठाकुर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण कार्य में मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर वनमण्डल के अंतर्गत संचालित भारत सरकार की वनधन योजना के तहत महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण कार्य किया जा रहा है। बस्तर वनमण्डल में 10 वनधन केन्द्र, 49 हाट-बाजार केन्द्र तथा 138 ग्राम स्तर के संग्रहण केन्द्र संचालित है। वनधन योजना में कुल 197 स्व-सहायता समूह एवं लगभग 9228 स्व-सहायता समूहों के महिला हितग्राही संलग्न है, विगत 3 वर्षों में 15 प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के माध्यम स्व-सहायता समूहों द्वारा लघु वनोपजों का संग्रहण 680272 क्विंटल राशि 45 करोड़ 16 लाख 12 हजार रूपए का किया जाकर 1480102 मानव दिवस सृजित किया गया है।



स्व-सहायता समूहों द्वारा प्राथमिक प्रसंस्करण एवं इमली डिसीडिंग (फोड़ाई) कार्य पर स्व-सहायता समूहों को कुल 3 करोड़ 92 लाख 72 हजार राशि प्रदाय किया गया है एवं 6 प्रसंस्करण केन्द्रों (काजू, इमली चपाती, इमली कैण्डी, मसाला-नमकीन काजू, तैलीय बीज एवं वनौषधि प्रसंस्करण केन्द्र) द्वारा कुल 6952.19 क्विंटल वनोपज का प्रसंस्करण कर 43531 मानव दिवस सृजित कर हितग्राहियों को राशि एक करोड़ 31 लाख 86 हजार भुगतान किया गया है। वनधन केन्द्रों के स्व-सहायता समूहों द्वारा किये गये कार्यों के फलस्वरूप अंतराष्ट्रीय स्तरीय ग्रीड अवार्ड सिंगापुर (काजू प्रसंस्करण केन्द्र) एवं राष्ट्रीय स्तर पृथ्वी अवार्ड (इमली संग्रहण, प्रसंस्करण में उत्कृष्ट कार्य) व अन्य वनधन केन्द्रों को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट वनधन केंद्र अवार्ड से सम्मानित किया गया है।




# वीर बाल दिवस पर जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की वीरता को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भाजपा जिला कार्यालय चितालंका में राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस के तहत शहादत विचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को उन साहसी और वीर बालकों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने धर्म और अपने सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इस दिन का ऐतिहासिक महत्व सिक्ख इतिहास से जुड़ा है, खासतौर पर गुरु गोविंद सिंह के दो छोटे साहिबजादों फतेह सिंह और जोरावर सिंह के बलिदान से।



उन्हें सरहिंद के नवाब वजीर खान के दरबार में प्रस्तुत किया गया और इस्लाम कबूल करने के लिए कहा गया। जब दोनों ने धर्म परिवर्तन से इंकार कर दिया, तो उन्हें ज़िंदा दीवार में चुनवा दिया गया। उनकी शहादत ने सिख धर्म और भारतीय इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी ने कहा की यह दिन हमें साहिबजादों की बहादुरी, धर्म के प्रति उनकी निष्ठा और न्याय के लिए उनकी लड़ाई की याद दिलाता है।

वीर बाल दिवस हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए उम्र या शक्ति नहीं, बल्कि अटल विश्वास और साहस की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम का संचालन वीर बाल दिवस कार्यक्रम के सह संयोजक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने किया एवं आभार व्यक्त कार्यक्रम के सह संयोजक जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने किया। कार्यक्रम में सिख समाज के सम्मानित सदस्यों का विधायक चैतराम अटामी, प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी समेत भाजपा पदाधिकारियों ने शाल पहनाकर, तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में संतोष गुप्ता, राजा गुप्ता, मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर, सत्यजीत चौहान, राकेश कुशवाहा, आरसी नहक, जेडी माकन, श्रवण कड़ती, ममता गुप्ता, पायल गुप्ता, मुन्ना मरकाम, उरदो ठाकुर समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित हुए ।

